प्रादेशिक समाचार
28.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि जदयू और आजसू पार्टी के साथ गठबंधन कर भाजपा विधानसभा चुनाव लड़ेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने कहा कि दोनों सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय हो गया है। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा कर दी जायेगी।

राज्य सरकार ने कृषक मित्रों के प्रोत्साहन राशि को एक हजार से दो हजार रुपए प्रति माह करने का निर्णय लिया है। राज्य मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में उनचास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा के तहत लाभुकों की संख्या को बीस लाख से पच्चीस लाख करने, झारखंड खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के गठन, साहिबगंज जिले में डोमेस्टिक एय़रपोर्ट और एय़र कार्गो निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण, धनबाद में साइंस सेंटर और पीडीएस डीलरों की मृत्यु पर उनके आश्रित को अनुकंपा पर पीडीएस का अनुतज्ञप्ति देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज श्रम विभाग के लिए नियुक्त चार सौ चौवालीस प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। राजधानी रांची के जैप ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र समारोह में उन्होंने इन अधिकारियों से अपनी दक्षता और क्षमता का इस्तेमाल राज्य के विकास में पूरी ताकत के साथ करने को कहा।

****

मुख्य सचिव एल खियांग्ते की अध्यक्षता में सभी प्रमंडल के आयुक्तों, सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक की गयी। बैठक के बाद आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि मुख्य सचिव ने दुर्गा पूजा त्यौहार को आपसी भाईचारे और सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के आदेश पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा की जांच के लिए दो सदस्यीय कमिटी का गठन किया है। कमिटी में संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप सचिव अरविन्द कुमार लाल को शामिल किया गया है। कमिटी को जांच पूरी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

****

भारतीय रेलवे आगामी त्योहारों को देखते हुए पहली अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेलवे हर साल लाखों यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए त्योहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाता है। पिछले वर्षों की तुलना में विशेष ट्रेनों के परिचालन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले साल इस सीजन में 4,429 स्पेशल ट्रेन चलाई गई थीं।

****

लोहरदगा जिला मे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

****

सीबीआई की टीम ने धनबाद जिला में इसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा और क्लर्क गौर रवानी को बीती रात बीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

****

कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड में चौकीदार बहाली प्रक्रिया के दौरान आज शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दौड़ रहे दो अभ्यर्थी बेहोश हो गए. इन अभ्यर्थियों में एक युवती भी शामिल है। इन दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

****

पाकुड़ के उपायुक्त मृत्युंजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें सड़कों पर अतिक्रमण हटाने, तीन पहिया वाहन चालकों के लिए ड्रेस कोड का पालन और नो एंट्री जोन में वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए अभियान चलाने का निर्णय़ लिया गया।

*******समाप्त********